Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to extend the service of Amarnath Express and Maurya Express up Mata Vaishno Devi Junction in Katara, Jammu.

श्रीमती वीणा देवी (**वैशाली**): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने के लिए मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूँ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से एक विषय माननीय रेल मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहती हूँ। हमारे यहाँ मौर्या एक्सप्रेस, अमरनाथ एक्सप्रेस और एक साप्ताहिक ट्रेन हैं, जो उत्तर बिहार के प्रमुख स्टेशन जैसे मुज़फ्फरपुर, हाजीपुर, समस्तीपुर, मोतीपुर और छपरा सहित कई स्टेशंस होते हुए जम्मू स्टेशन तक जाती हैं। इन सभी ट्रेनों के माध्यम से अधिक से अधिक यात्री माता वैष्णो देवी का दर्शन करने के लिए जाते हैं। कटरा में माता वैष्णो देवी जंक्शन होने के उपरांत भी, इन रेलों का परिचालन केवल जम्मू तक सीमित है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहती हूँ कि इन तीनों ट्रेनों का परिचालन कटरा के माता वैष्णो देवी जंक्शन तक किया जाए, ताकि उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों से माता वैष्णो देवी का दर्शन करने के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को समुचित सुविधा उपलब्ध हो सकें। धन्यवाद।